अमर उजाला 20/12/2024

तंबाकू उत्पादों का प्रयोग न करने की ली शपथ

अंबाला सिटी। जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थियों ने तंबाकू उत्पादों का प्रयोग न करने की शपथ ली। यह कार्यक्रम एनएसएस एवं तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ की ओर से करवाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को तंबाकू का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि इससे कैंसर, टीबी और अस्थमा आदि अनेक बीमारियां होती हैं। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सरोज बाला ने किया। डॉ. अनीश ने कहा कि हमें इस प्रकार की बुराई को मिटाने के लिए ऐसे अभियान चलाते रहना चाहिए। संवाद